आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 07.03.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने राजभवन में 'वसंतोत्सव–2025' का शुभारंभ किया। कहा– सुगंधित पौधे और फूल राज्य की आर्थिक समृद्धि व ग्रामीण विकास में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती हैं।
- प्रदेश सरकार ने किसानों को समय पर उर्वरक, बीज और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।
- मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने महिला सशक्तिकरण से जुड़ी सभी योजनाओं के परफोर्मेंस ऑडिट करने के निर्देश दिए।
- लालकुआँ से कोलकाता के चितपुर रेलवे स्टेशन के बीच 13 मार्च से विशेष साप्ताहिक रेलगाड़ी का संचालन किया जाएगा।

वसंतोत्सव–2025

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने आज देहरादून स्थित राजभवन में 'वसंतोत्सव–2025' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड के पुष्प न केवल सौंदर्य और विशिष्टता में अद्वितीय हैं, बल्कि राज्य को 'पुष्प प्रदेश' के रूप में स्थापित करने की असीम संभावनाएं भी रखते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में शहद, सुगंधित पौधों और फूलों के क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं हैं, जो राज्य की आर्थिक समृद्धि और ग्रामीण विकास में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती हैं।

राज्यपाल ने वसंतोत्सव में लगी फूलों की भव्य प्रदर्शनी और विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर उनके बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस आयोजन में भाग लें और प्रकृति के इस अद्भुत उत्सव का आनंद लें।
इस अवसर पर राज्यपाल ने डाक विभाग द्वारा इस वर्ष के लिए विशेष डाक आवरण के लिए चयनित औषधीय गुणों से भरपूर पौधे ''जटामांसी'' का विमोचन किया, साथ ही डाक विभाग देहरादून द्वारा लगायी गयी भव्य डाक टिकट प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

कृषि मंत्री गणेश जोशी

प्रदेश सरकार ने किसानों को समय पर उर्वरक, बीज और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उत्तराखंड औद्यानिक परिषद की 8वीं सामान्य सभा की बैठक में कृषि मंत्री गणेश जोशी ने रुद्रप्रयाग को जैविक जिला घोषित किए जाने के बाद वहां जैविक खेती को और बढ़ावा देने के लिए जरूरी कदम उठाने पर जोर दिया। इस दौरान कृषि मंत्री ने राज्य में कीवी, बड़ी इलायची और परिसीमन फल की खेती को बढ़ाने के लिए भी विशेष प्रयास करने को कहा। साथ ही टिहरी जिले के थत्युड़ क्षेत्र में किसानों की उपज के लिए एक छोटी मंडी बनाने के निर्देश दिए।

राष्ट्रीय संगोष्ठी

पौड़ी में हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के डॉ बी गोपाला रेड्डी परिसर में भारतीय संस्कृति में निहित मौलिक मूल्य एवं राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में प्रासंगिकता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति के मौलिक मूल्यों ,भारतीय सभ्यता की प्राचीन परंपराओं, नैतिक मूल्यों और सामाजिक संरचना आदि विषयों पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय रघुनाथ परिसर के निदेशक प्रो. पी. वी. बी. सुब्रमण्यम ने कहा कि संगोष्ठी का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का अध्ययन करना है।

उधमिता विकास

देवभूमि उद्यमिता विकास योजना के तहत चम्पावत जिले के विभिन्न महाविद्यालय में उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी की प्राचार्य डॉ. अजिता दीक्षित ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी में 4 फरवरी से 12 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 18 वर्ष से 45 वर्ष आयुवर्ग के छात्र–छात्रा और स्थानीय युवा प्रतिभाग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को रोजगार से जोड़ना है।

पुल क्षतिग्रस्त

चमोली जिले के सीमावर्ती क्षेत्र नीती घाटी को जोड़ने वाला पुल भूस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है। बीआरओ ने युद्ध स्तर पर नये पुल के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। बीआरओ के अनुसार बीती रात नीती घाटी में भापकुंड के पास पहाड़ी से बोल्डर आने के कारण पांगती पुल क्षतिग्रस्त हो गया है।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने संबंधित अधिकारियों को महिला सशक्तिकरण से जुड़ी सभी योजनाओं के परफोर्मेंस ऑडिट करने के निर्देश दिए हैं। उत्तराखण्ड महिला एवं बाल विकास समिति की महासभा की वार्षिक बैठक में श्रीमती रतूड़ी ने महिलाओं से जुड़ी योजनाओं की गुणवत्ता में सुधार करते हुए रिमॉडयूलेशन पर जोर दिया है। उन्होंने बालिका शिक्षा प्रोत्साहन के तहत मेधावी छात्राओं के लिए देश भर में शैक्षिक भ्रमण करवाने की योजना पर कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में भी महिलाओं एवं बालिकाओं में मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता को प्रोत्साहित करने को लेकर मुख्य सचिव ने सैनेटरी नैपकिन के वितरण की कार्ययोजना पर कार्य करने की बात कही है।

विशेष साप्ताहिक रेलगाड़ी

नैनीताल जिले के लालकुआँ और कोलकाता के चितपुर रेलवे स्टेशन के बीच आगामी 13 मार्च से विशेष साप्ताहिक रेलगाड़ी का संचालन किया जाएगा। यह ट्रेन लालकुआँ से गुरूवार को अपराह्न एक बजकर पैंतीस मिनट पर चलेगी और अगले दिन रात्रि ग्यारह बजकर पचपन मिनट पर चितपुर पहुंचेगी। वहीं वापसी में यह ट्रेन शनिवार को चितपुर रेलवे स्टेशन से शाम पांच बजे चलकर अगले दिन अपराह्न तीन बजकर पैंतालीस मिनट पर लालकुआँ पहुंचेगी। इस रेलगाड़ी में सामान्य शयनयान, वातानुकूलित शयनयान सहित कुल 18 कोच लगाए जाएंगे।

निपुण भारत मिशन

बागेश्वर में निपुण भारत मिशन के तहत एलटीएम और आईईसी सामग्री निर्माण कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ संदीप कुमार जोशी ने बताया कि निपुण भारत मिशन का उददेश्य बच्चों को पढ़ने लिखने और गणित में बुनियादी कौशल सिखाना है।